भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **453** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **03 फरवरी**, 2023/14 माघ, 1944 (शक) को दिया जाना है

आरओ पैक्स फेरी सर्विस

†453. श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:
श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का नवलाखी पत्तन से द्वारका, मांडवी और कांदला तक आरओ पैक्स फेरी सर्विस शुरु करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो उक्त सेवा कब तक शुरु किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जल परिवहन, परिवहन का एक किफायती माध्यम होने के साथ-साथ पर्यावरण के अनुकूल भी है। अत:, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत गुजरात के अनेक मार्गों पर रो-रो/ रो-पैक्स परियोजनाओं को शुरू किया है।

गुजरात राज्य में नवलाखी पत्तन एक गैर-महापत्तन है जो गोवा सरकार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत है। गुजरात समुद्री बोर्ड ने सूचित किया है कि वर्तमान में, नवलाखी पत्तन से द्वारका, मांडवी, मुंद्रा और कंडला से रो-रो/ रो-पैक्स फेरी सेवा को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

*****